# तिरंगा अभियान का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना व राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को जगाना-जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

(जीएनएस)।

विधानसभा सिराथू के सांगठनिक मण्डल कड़ा में व विधानसभा मंझनपुर के सांगठनिक मण्डल पश्चिम शरीरा में हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त पैदल तिरंगा यात्रा में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने शुभारंभ कर संबोधित किया।

कड़ा मण्डल के देवीगंज चौराहे से शहीद स्मारक कड़ा व पश्चिम शरीरा मण्डल में मां झारखंडी मन्दिर से पश्चिम शरीरा चौराहा तक जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के नेतृत्व में निकाली गई पैदल तिरंगा यात्रा।





सेना के शौर्य एवं पराक्रम तथा देश वासियों की एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिन्दूर पूर्णतः सफल रहा यह मोदी जी नेतृत्व में नया समृद्धशाली शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने का अभियान चलाने का निर्णय लिया है इस अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं निकाली जाएंगी और लोगों को जागरूक किया जाएगा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मौन जुलूस निकाला जाएगा और लोगों को इस दिन के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा इन बैठकों और आयोजनों के माध्यम से भाजपा हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने और लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है।जब कालोनी और सोसायटी के घर पर तिरंगा लहराता है तो देखते देखते दूसरे घरों पर तिरंगा दिखने लगता है यानी हर घर तिरंगा अभियान तिरंगे की शान में एक यूनिक फेस्टिवल बन चुका है।इन आयोजनों का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और लोगो को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में जागरूक करना है ऐसी तमाम बातों को विस्तार से बताया इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर बीरेंद्र सरोज फौजी मण्डल अध्यक्ष कड़ा प्रदीप कुमार पटेल मण्डल अध्यक्ष राजीव पाल युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवप्रताप मौर्य सभासद राहुल कुशवाहा नीरज साहू सहित सम्मानित मण्डल पदाधिकारीगण मण्डल के कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

# आमने सामने भिड़े बाइक सवार 3 जख्मी

(जीएनएस)।

कौशांबी। सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा हाईवे में आज रविवार 3 बाइक सवार भिड़ गए जिसमें कई चोटिल हो गए।

घटनाक्रम के मुताबिक रामजी पुत्र इंदल निवासी वार्ड नंबर 1 भौंतर अपने पुत्र अनीश चौधरी11 वर्ष पत्नी अज्ञात के साथ ससुराल डोंडापुर से वापस घर जा रहे थे अझुवा हाईवे पर विपरीत दिशा से आए अज्ञात बाइक सवार से भोला चौराहे से 200 कदम पीछे प्रयागराज कानपुर मार्ग पर आमने सामने भिड़ गए उसके पीछे सहाना बानो पत्नी रईस अहमद निवासी हिसाम पुर माढो की बाइक भी भिड़ गई जिसमें सभी बाइक सवार सड़क पर गिर कर जख्मी हो गए इतने में विपरीत दिशा से आए बाइक सवार जो गिरने से जख्मी भी हुआ था अपनी बाइक लेकर फरार हो गया ।बाईकों की भिड़ंत की खबर पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने एंबुलेंस से रामजी अनीश चौधरी सहाना बानो को उपचार हेतु सिराथू सीएचसी भेज कर जांच पड़ताल में जुट गई।

# बिजनौर में दर्दनाक हादसा, तीन भाइयों की एक साथ मौत,

**गैस बनी मौत का कारण, रक्षाबंधन पर छाया मातम**

(जीएनएस)।

बिजनौर।

शिवाला कलां थाना क्षेत्र के गांव सरकथल में रविवार सुबह हुए दर्दनाक हादसे में दो सगे और एक चचेर भाई की मौत हो गई। तीनों 15 फीट गहरे कुएं (होज) में पट्टा डालने के लिए उतरे थे, लेकिन कुएं में बनी जहरीली गैस के कारण दम घुटने से उनकी जान चली गई। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है।

गांव के घेर में नहाने के लिए एक होज बनी है, जिसमें पानी 15 फीट गहरे कुएं से आता है। रविवार सुबह करीब 11 बजे गांव निवासी छत्रपाल सिंह (पुत्र धर्मवीर सिंह) मोटर का पट्टा लगाने कुएं में उतरे। पानी के भीतर बनी जहरीली गैस की वजह से वह बेहोश हो गए। उन्हें बचाने के लिए मौके पर मौजूद उनके चचेरे भाई



हिमांशु और कशिश (पुत्र हरि सिंह) भी एक-एक कर कुएं में उतरे, लेकिन दोनों भी गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए।

घटना के समय वहां मौजूद चेतन नामक युवक ने शोर मचाया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और रस्सी बांधकर तीनों को बाहर निकाला। परिजन व ग्रामीण तुरंत उन्हें सरकारी अस्पताल नूरपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों में छत्रपाल दिल्ली में इलेक्ट्रीशियन का काम करता था और दो दिन पहले ही रक्षाबंधन के लिए गांव लौटा था। उसका विवाह दो वर्ष पहले हुआ था और वह दो भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। हिमांशु और कशिश अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र थे। हिमांशु पढ़ाई के बाद गांव में रहकर खेती में पिता का हाथ बंटाता था, जबकि कशिश दिल्ली में इलेक्ट्रीशियन का काम सीख रहा था और वह भी रक्षाबंधन पर गांव आया था।

ग्रामीण अंकित सैनी ने बताया कि पानी निकालने का उद्देश्य मच्छरों के पनपने से रोकना था, लेकिन कुएं में बनी जहरीली गैस मौत का कारण बन गई। उन्होंने कहा, 'आज मेरे चाचा और ताऊ के तीन बेटों की एक साथ मौत हो गई, यह हमारे परिवार के लिए कभी न भरने वाला घाव है।'

नूरपुर पुलिस ने अस्पताल से शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है और रक्षाबंधन की खुशियां शोक में बदल गई हैं।

# क्या शहीद विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल को मिला बिग बॉस का ऑफर? अब जाकर सामने आई पूरी सच्चाई

(जीएनएस)।

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस हमले में नौसेना अधिकारी विनय नरवाल समेत 26 पर्यटकों की जान गयी थी। बदले में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। इसी दर्दनाक घटना की वजह से चर्चा में आई विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल अब एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वह बिग बॉस के नए सीजन से जुड़ी एक खबर को लेकर चर्चा में हैं।

दरअसल, बिग बॉस सीजन-19 को लेकर चर्चा तेज होती जा रही है, क्योंकि यह शो 24 अगस्त 2025 को कलर्स टीवी पर अपने शानदार प्रीमियर के लिए तैयार है। सेलिब्रिटी लाइन-अप को लेकर अटकलों के बीच हिमांशी नरवाल का नाम भी सुर्खियों में है।

हिमांशी नरवाल को नहीं मिला बिग बॉस का ऑफर

बिग बॉस 19 से जुड़े एक करीबी सूत्र ने दैनिक भास्कर से बातचीत में इन खबरों को पूरी तरह निराधार करार दिया है। उन्होंने साफ कहा कि ऐसे दावे केवल पब्लिसिटी पाने के लिए किए जा रहे हैं।

एल्विश यादव की कॉलेज मेट रही हैं हिमांशी

पहलगाम आतंकी हमले के एक पीड़ित की पत्नी और बिग बॉस ओटीटी



2 के विजेता एल्विश यादव की पूर्व कॉलेज मेट हैं। इससे पहले टेली चक्कर की एक रिपोर्ट में बताया गया कि, मेकर्स हिमांशी को शो में लाने पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि उनका मानना है कि उनकी कहानी दर्शकों को गहराई से प्रभावित करेगी।

आखिर क्या है मेकर्स की प्लानिंग?

रिपोर्ट में कहा गया था कि, 'मेकर्स कुछ ऐसे लोगों को शो में लाना चाहते हैं, जो दर्शकों से तुरंत जुड़ सकें और इसलिए हिमांशी नरवाल को बिग बॉस 19 में शामिल करने पर चर्चा हुई। दूसरी ओर कई सोशल मीडिया हैंडल दावा कर रहे हैं कि हिमांशी से संपर्क नहीं किया गया है और वह शो में भाग नहीं लेंगी।

हिमांशी की एक तस्वीर ने पूरे देश को झकझोर दिया

हिमांशी का नाम पहली बार इस साल की शुरूआत में पहलगाम में आतंकी हमले के बाद लोगों की नजरों में आया। उनके पति नौसेना अधिकारी विनय नरवाल, 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादी हमले में शहीद हो गए थे। जब यह घटना घटी, तब वे दोनों अपने हनीमून पर थे। अपने पति के बगल में बैठी और फूट-फूटकर रोती हुई हिमांशी की हृदयविदारक तस्वीरें वायरल हुईं, जिसने पूरे देश में भावनाओं को झकझोर दिया।

एलविश यादव ने बाद में अपने एक व्लॉग में खुलासा किया कि हिमांशी उनकी कॉलेज की दोस्त थीं। उन्होंने इस दुखद घटनाक्रम पर दुख व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं 2018 में पासआउट हुआ था, और तब से हमने बिल्कुल बात नहीं की। हम साथ में मेट्रो स्टेशन जाते थे। मेरे पास उनका नंबर था, लेकिन मैंने उन्हें फोन नहीं किया क्योंकि उस समय किसी के लिए भी आपका फोन उठाकर आपको बताना संभव नहीं होता।'

अ'रङ्ग र्फीं

इस एक्ट्रेस ने सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' के 6 करोड़ रुपये के ऑफर को मारी लात

इस एक्ट्रेस ने सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' के 6 करोड़ रुपये के ऑफर को मारी लात

बिग बॉस 19 के लिए टेलीविजन, बॉलीवुड और डिजिटल जगत के कई जाने-माने नामों से संपर्क किया गया है। इनमें शैलेश लोढ़ा, गुरुचरण सिंह, मुनमुन दत्ता, लता सबरवाल, फैजल शेख उर्फ मिस्टर फैजू, जन्नत जुबैर, पूरव झा, अपूर्व मुखीजा और अन्य शामिल हैं।

जैसे-जैसे बिग बॉस 19 अपनी शुरूआत की तारीख के करीब आ रहा है, ऑनलाइन चर्चा में अंतिम प्रतियोगियों की सूची को लेकर अटकलें जारी हैं। हालांकि कलर्स टीवी ने अभी तक किसी भी नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन शो का जबरदस्त ड्रामा और सेलिब्रिटी की दिलचस्पियों का अनूठा मिश्रण अभी से उत्सुकता बढ़ा रहा है।

# रविवार को समस्त थाना पुलिस चौकियों की साफ-सफाई हेतु चलाया गया अभियान

(जीएनएस)।

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के निर्देशन में प्रत्येक रविवार को समस्त थाना चौकियों की साफ-सफाई हेतु अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में आज दिनांक 10.08.2025 रविवार को जनपद कौशाम्बी के समस्त थानों चौकियों पर नियुक्त पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा श्रमदान करते हुए थाना पुलिस चौकी परिसर कार्यालय में रखे अभिलेखों बैरकों शस्त्रागार में रखे शस्त्र एवं दंगा निरोधक उपकरणों की विधिवत साफ-सफाई की गई। आगे भी प्रत्येक रविवार को इसी प्रकार स्वच्छता अभियान चलाकर थाना पुलिस चौकी की साफ सफाई की जायेगी

# बाढ़ पीड़ितों को मिली राहत सामग्री

**गोला तहसील के बिजुआ ब्लाक में 155 परिवारों को वितरित की गई राहत किट**

बिजुआ खीरी। गोला तहसील क्षेत्र के बिजुआ ब्लाक के पूजागाव आषाढ़ी में स्थापित बाढ़ राहत शिविर में रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर राहत सामग्री वितरित की गई।

गोला के नायब तहसीलदार भानू प्रताप ने जंगल नम्बर 09 के 35 और मुड़िया के 120 बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री पैकेट वितरित किए।नायब तहसीलदार ने बताया कि प्रदेश में पहली बार बाढ़ पीड़ितों को 26 प्रकार की राहत सामग्री वाली किट दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वितरण में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया है।भानू प्रताप ने प्रधानों और बाढ़ राहत चौकियों पर तैनात राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य बाढ़ प्रभावित गांवों के पीड़ित परिवारों की जानकारी एकत्र करें। इससे सभी लोगों को जल्द से जल्द राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा सकेगी।




इस वर्ष की बाढ़ राहत किट में विविध सामग्री शामिल है। इसमें 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो अरहर दाल, 2 किलो भुना चना और 1 किलो नमक है। साथ ही 1 लीटर रिफाइंड तेल, 10 पैकेट बिस्कुट, 1 किलो चीनी, एक मग और एक त्रिपाल भी दिया गया है।किट में 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, मोमबत्ती और माचिस का एक-एक पैकेट भी शामिल है। इसके अतिरिक्त नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, 20 पीस सेनेटरी पैड, 20 पीस डिस्पोजेबल बैग और 100 एमएल डिटॉल या सावलान भी दिया गया है।राहत सामग्री में 1 मीटर सूती कपड़ा, एक तौलिया, 10 किलोग्राम आलू, 18 लीटर की ढक्कन वाली बाल्टी और ढाई किलो लइयाँ भी शामिल है।इस दौरान लेखपाल राजीव वर्मा, अमन सत्यार्थी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गन्ने के खेत में मिला लापता युवक का शव, गांव में सनसनी

(जीएनएस)।

बिजनौर।

हल्दौर थाना क्षेत्र में 28 जुलाई से लापता युवक का शव रविवार को गन्ने के खेत में मिला। मृतक की पहचान 20 वर्षीय जितेंद्र, निवासी मलपुरा, के रूप में हुई है। जितेंद्र 28 जुलाई से रहस्यमय तरीके से गायब था।

मृतक के पिता रमेश ने 29 जुलाई को हल्दौर थाने में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसके बाद परिजन और पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटे हुए थे। रविवार को गांव के पास



जंगल में गन्ने के खेत में शव मिलने की सूचना फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

शव मिलने की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन बेसुध हो गए और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर हल्दौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के भाई संजय ने बताया कि जितेंद्र बाइक मैकेनिक का काम करता था और अविवाहित था। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।

सहायक पुलिस अधीक्षक गौतम राय ने बताया कि शव क्षत-विक्षत हालत में मिला है और प्रारंभिक जांच में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की आशंका है। हालांकि, मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और कानूनी कार्रवाई प्रचलित है।

# गले पर चोट, नहर में मिला शव – जांच में जुटी पुलिस

(जीएनएस)।

बिजनौर।

अफजलगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब सुआवालाझबादीगढ़ मार्ग पर महसनपुर चौराहे से करीब 100 मीटर आगे स्थित सीरिया वाली छोटी नहर में एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। सूचना पाकर अफजलगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर किनारे निकाला।



पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान विश्वास (22 वर्ष), पुत्र राजाराम, निवासी ग्राम चक, थाना अफजलगढ़, जनपद बिजनौर के रूप में हुई है। शव को सीधा करने पर गले पर चोट का निशान स्पष्ट दिखाई दिया, जिससे हत्या की आशंका गहरा गई है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि मृतक को उन्होंने पिछली बार शनिवार देर शाम गांव के पास देखा था।

पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृत्यु के वास्तविक कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही चल सकेगा। मृतक के परिजनों से तहरीर ली जा रही है और समस्त पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।

फिलहाल पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी है। इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

# अनैतिक कृत्य से क्षुब्ध मां ने धारदार हथियार से कर दी बेटे की हत्या

**पुलिस का सनसनीखेज खुलासा**

(जीएनएस)।

बिजनौर।

मंडावली थाना क्षेत्र के एक गांव में हुए 32 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। वारदात में आरोपी कोई और नहीं, बल्कि मृतक की अपनी मां निकली। पुलिस के मुताबिक, युवक शराब का आदी था और नशे की हालत में आए दिन घरवालों से मारपीट व गाली-गलौज करता था।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कुछ समय पहले युवक ने शराब के नशे में अपनी मां के साथ अनैतिक कृत्य किया था। सामाजिक लोकलाज के चलते पीड़िता ने इस बात को न तो परिवार को बताया और न ही किसी को शिकायत की, लेकिन मन में इस घटना को लेकर गहरी घुटन बनी रही।



पुलिस के अनुसार, घटना 7 अगस्त की रात की है। उस दिन पति खाना खाने के बाद घेर में चले गए, जबकि बड़ा बेटा और बहू अपने कमरे में सोने चले गए। रात करीब 11 बजे शराबी बेटा घर लौटा और मां के साथ फिर से अनैतिक कार्य करने का प्रयास करने लगा। इससे क्षुब्ध और आक्रोशित होकर मां ने घटना को अंजाम देने का मन बना लिया।

रात्रि लगभग 12:30 बजे, जब बेटा गहरी नींद में सो रहा था, मां ने धारदार हथियार (पाठल) से उसकी गर्दन पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाए और महिला की निशानदेही पर खून से सने कपड़े बरामद किए।

थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या के बाद महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस घटना ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक लंबे समय से नशे की लत में डूबा हुआ था और आए दिन विवाद करता था। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# अल्लू अर्जुन ने एयरपोर्ट नियमों की उड़ाई धज्जियां, सिक्योरिटी ऑफिसर से की बदतमीजी!

(जीएनएस)।

तेलुगु सिनेमा के स्टार अल्लू अर्जुन ने पुष्पा फ्रैंचाइज से अपना नाम पूरे भारत में बना लिया है। ऐसे में वो एक पैन इंडिया स्टार बन गए हैं। उनकी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की है। इसलिए उन्हें अब पूरे भारत में पहचाना भी जाने लगा है। इतना ही नहीं साउथ के साथ नॉर्थ इंडिया की ऑडियंस भी उतावली रहती है।

अब हाल ही में उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें अल्लू एयरपोर्ट अथॉरिटी के नियमों को ताक पर रख रहे हैं। साथ ही वीडियो में ऐसा लगा रहा है, जैसे वो उक्त्र्ञ्च अधिकारी से बद्तमीजी करते नजर आ रहे हैं। क्या है पूरा मामला हम आपको रिपोर्ट में बताते हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो एक एयरपोर्ट का है। जिसमें अल्लू चेहरे में मास्क लगाए सिक्योरिटी चेक (एयरपोर्ट में एंट्री) करवा रहे हैं। वहां पर मौजूद सिक्योरिटी ऑफिसर अल्लू से पूछताछ करते हैं। साथ ही अल्लू को चेहरा



दिखाने के लिए भी कहते हैं। लेकिन अल्लू उनकी बा नहीं मानते हैं। वो कोशिश करते हैं कि ऑफिसर ऐसे ही उन्हें अंदर जाने की इजाजत दे दें। लाख कहने पर भी अल्लू की बात ऑफिसर नहीं मानते हैं। वो अपनी बात पर अडे. रहते हैं और मास्क हटाने के लिए कहते हैं। थक हार कर अल्लू को ऑफिसर की बात माननी पड़ती है और मास्क हटाकर चेहरा दिखाते हैं। तब उन्हें अंदर जाने की इजाजत मिलती है।

इस वीडियो के सामने आते ही अल्लू की सोशल मीडिया पर भद्द पिट रही है। यूजर्स कह रहे हैं कि सिक्योरिटी ऑफिसर को इतना एटीट्यूड दिखाने की जरूरत नहीं थी। इतना ही नहीं लोग अल्लू को घमंडी और तरह-तरह की बातें कह रहे हैं। हालांकि अभी तक इस पूरे मसले पर अल्लू और उनकी टीम की तरफ से कोई भी ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। खैर, अल्लू अर्जुन अपनी के अपमकिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो, वह निर्देशक एटली के साथ एक बड़े बजट की साइंस फिक्शन फिल्म पर काम कर रहे हैं। जिसमें पीरियड ड्रामा के तत्व भी शामिल होंगे। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण फीमेल लीड की भूमिका निभाएंगी। मृणाल ठाकुर का नाम भी इस प्रोजेक्ट से जोड़ा गया है, हालांकि निमार्ताओं द्वारा अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की गई है।